पाठ १३ मेला

कविता का सारांश

इस कविता में एक बच्चे के मेले में जाने का अनुभव बताया गया है। कविता के अनुसार, बच्चे के घर के पास मेला लगा था। बच्चे ने मेले में जाकर कई तरह के मजे किए। उसने चाट खाई, झूले झूले, और खिलौने खरीदे। बच्चे ने मेले में बहुत आनंद लिया।

कविता के प्रत्येक चरण में बच्चे के मेले में जाने के एक अलग अनुभव का वर्णन किया गया है। पहले चरण में, बच्चे ने चाट का ठेला देखा और चाट खाई। दूसरे चरण में, बच्चे ने झूले का आनंद लिया। तीसरे चरण में, बच्चे ने खिलौने खरीदे। अंतिम चरण में, बच्चे ने बताया की मेले में कोन-कोन गया था और छोटू ने हाथ भी पकड़ा था ताकि वह खो न जाए।

कविता की भाषा सरल और सुंदर है। कविता के माध्यम से, बच्चे के मेले में जाने के अनुभव को बहुत ही जीवंत रूप से व्यक्त किया गया है। कविता में बच्चों के मन में मेले के प्रति उत्साह और खुशी को भी अच्छी तरह से दर्शाया गया है।

शिक्षा:- मेला एक ऐसा स्थान है जहाँ बच्चे बहुत ही आनंद ले सकते हैं। मेले में जाकर बच्चे नए-नए अनुभव प्राप्त कर सकते हैं और अपने दोस्तों के साथ मस्ती कर सकते हैं।

शब्दार्थ:

- पास - समीप
- ठेला - माल ढोने की एक तरह की दो या तीन पहियोंवाली छोटी गाड़ी
- चाट - चटपटी खाने की चीज
- ठाट - शान, शोभा, चमक-दमक
- झूलेवाला - झूला चालनेवाला व्यक्ति
- सलोने - सुंदर, मनभावन
- मन में फुला न समाये - बहुत अधिक खुश होना
- हाट - बाजार

प्रश्न-अभ्यास

बातचीत के लिए

1. आप भी इस मेले में होते, तो क्या-क्या करते?

उत्तर:- अगर मैं भी इस मेले में होता, तो मैं सबसे पहले कुल्फी खता। इसके बाद मैं झूले पर झूलता, गुब्बारे लेता, जादू का खेल देखता और फिर खिलौने खरीदता।

2. मेले में छोटू ने किसका हाथ पकड़ा होगा और क्यों?

उत्तर:- मेले में छोटू ने गुनगुन का हाथ पकड़ा होगा क्योंकि वह बहुत छोटा हैं, और भीड़ में कही खो न जाये।

3. चाट के अतिरिकत ठेले पर रखकर क्या-क्या बेचा जाता है?

उत्तर:- सब्जी, कुल्फी, खिलौने आदि।

4. आप अपने यहाँ लगने वाले मेले के विषय में बताइए।

उत्तर:- मेले में बहुत सारी दुकानें लगी थी और बड़े-बड़े झूले लगे थे।

5. कविता में देखकर इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। छोटे समूह में अपने मित्रों के साथ मिलकर लिखिए –

(i) मेला कहाँ लगा था?

उत्तर:- कविता के अनुसार, मेला घर के पास लगा था।

(ii) बच्चों ने मेले में क्या खाया?

उत्तर:- कविता के अनुसार, बच्चों ने चाट खाई।

(iii) बच्चों ने मेले में क्या खरीदा?

उत्तर:- कविता के अनुसार, बच्चों ने चार खिलौने खरीदे। वे रंग-बिरंगे और बड़े थे।

शब्दों का खेल

1. 'मेला-ठेला' जैसे और शब्दों की जोड़ी बताइए और लिखिए –

उत्तर:- चाट – ठाट   झूले - फूले

2. कविता में इन शब्दों को खोजकर घेरा लगाइए –

ठेला   ठाट

उत्तर:- स्वयं कीजिए।

3. नीचे दिए गए चित्रों के नाम बताइए और अनुमान लगाकर पढ़ने का प्रयास कीजिए –



एक



ठेला



जलेबी



पैसे

ऐनक

थैला

सेब



बैंगन

4. शब्द बनाइए, लिखिए और पढ़कर सुनाइए –

शे	रे	ला
ब	में	रा
से	थै	र
पै	ते	घे

उत्तर:-

शेर	मेरा
पैसे	घेरा
पैर	तेरा
थैला	सेर
बला	सेब